>

Title: Reported nuclear leakage in Kaiga Plant in Karnataka.

श्री अनंत कुमार हेगड़े (उत्तर कन्नड़): अध्यक्ष महोदया, 24 नवम्बर को कर्नाटक में केगा न्युक्लीयर पॉवर प्लांट में लीकेज हुआ, उसके बारे में क्या जांच हो रही है, वह मैं आपके माध्यम से इस सदन में रखना चाहता हूं और सारे दश को बताना चाहता हूं। इस संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी और श्री चह्वाण साहब ने बयान भी दिया कि इस संबंध में जांच करेंगे लेकिन आज तक वह जांच नहीं कर पाये हैं कि इस पर क्या कार्यवाही की जा रही है? जो लीकेज की घटना 24 नवम्बर को घटित हुई, कल 1 दिसम्बर तक एफ.आई.आर. तक दर्ज नहीं हुई है। अपराधी को आज तक नहीं पकड़ा गया है, इसका क्या कारण है?

अध्यक्ष महोदया, हम लोग न्युकलीयर एजेंडा को लेकर सारी दुनिया मे घूम रहे हैं कि हमें नये न्युक्लीयर पॉवर प्लांट चाहिये लेकिन इस देश के केगा पॉवर प्लांट की क्या स्थिति है। वहां काम करने वाले हैवी वॅाटर को ले जाकर बाहर बेचना चाहते हैं, इसका क्या मतलब है? सरकार की न्युक्लीयर पॉवर प्लांट्स की सुरक्षा के बारे में क्या योजना है? हम सरकार से जवाब चाहते हैं। इस देश में केवल केगा न्युक्लीयर पॉवर प्लांट की बात नहीं है, ऐसे अनेकों प्लांट्स हैं जो इस विषय से जुड़े हुये हैं। सदन में चाहे प्रधानमंत्री जी हों या सदन के नेता हों, उन्हें बयान देना चाहिये कि न्युक्लीयर पॉवर प्लांट की सिक्यूरिटी के बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

अध्यक्ष महोदया, एस.पी. का कहना है कि हम कुछ नहीं कर सकते क्योंकि हमारे पास केगा के अधिकारियों या डायरेक्टर से कोई सूचना नहीं मिली है। एस.पी.ने जानबूझकर लैटर लिखा। पिछले दो महीने में दो अननैचुरल डैथ हुई हैं। साईंटिस्ट्स के नाम रवि कुमार मुडेका और रामलिंगम हैं। अभी तक जांच चल रहा है लेकिन उसका नतीजा मालूम नही है कि क्या हुआ? उसका कोई उत्तर नहीं आया है। ऐसे कैसे हो सकता है कि वहां के वैज्ञानिक मारे जाते हैं, वहां के मजदूर मारे जाते हैं तो कोई जांच नहीं होती है। आज न्युक्लीयर लीकेज हो रहा है। सरकार कहती है कि 55 लोगों पर रेडिएशन का असर हुआ है लेकिन एस.पी.साहब का कहना है कि 92 लोगों पर असर हुआ है। सरकार क्या जानती है? श्री जयराम रमेश, पर्यावरण मंत्री पर्यावरण पर खास कनसर्न रखने वाले हैं, वह यहां नहीं हैं। जब वैस्टर्न घाट पूरा जल जायेगा, केगा न्युक्लीयर पॉवर प्लांट में कुछ घटना घटेगी तो नेता, सदन को इस बारे में बयान देना चाहिये।